# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया भोपाल 29 सितंबर 2025


## कालीबाड़ी रोहना में धूमधाम से दुर्गोत्सव आरम्भ



**जागरण, नर्मदापुरम।** जिलेभर में इन दिनों नवरात्र भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। वहीं समीपस्थ ग्राम रोहना में प्रस्तावित कालीबाड़ी मंदिर स्थल पर रविवार को दुर्गोत्सव बंगाली परम्परा अनुसार आरम्भ हुआ। यहां भगवती जगदंबा पूरे परिवार माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, पुत्र कार्तिकेय और गजानन के साथ विराजी। प्रातः कोलकाता से आए आचार्य उत्पल चक्रवर्ती ने विधि विधान से माता का बोधन किया। घट और अखंड ज्योत स्थापित की। पूजा अर्चना के बाद आरती और पुष्पांजलि हुई।

**माता के जस में शामिल हुए श्रद्धालु :** माता की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शनार्थियों का तांता लग गया। ग्राम रोहना और सांवलखेड़ा गांव की श्रद्धालु महिलाएं बड़ी संख्या में माता के पंडाल में आई। दर्शन के बाद पंडाल में घंटों तक जस गए। इस दौरान आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**शाम को हुआ अधिवास और आरती :** उत्सव के दौरान शाम को माता के अधिवास का विधान हुआ, जबकि साढ़े 7 बजे आरती के बाद भजनों का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कालीबाड़ी समिति के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रातः की पूजा के दौरान अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा, सचिव चंदन मंडल, सुष्मिता मंडल, सदस्यगण साधना मित्रा, अपर्णा मिश्रा, सपन मित्रा, ऊषा, अनुभा मित्रा, सुब्रता गुप्ता, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी, जनार्दन सिंह, सारथी गुप्ता, शरद दीक्षित, पीहू, पाखी, ग्रामीणजन लखन यादव, रोहित यादव, राजा यादव, अभिषेक, दीप यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कालीबाड़ी दुर्गोत्सव में सोमवार सप्तमी तिथि को प्रातः से माता की पूजा अर्चना के बाद भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन है। समिति सदस्यों ने भक्तों से आयोजन में शामिल होने की बात कही।

### एसडीएम के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी आकीप खान की हुई नियुक्ति

## पिपरिया आठ साल बाद फिर बना आईएएस अधिकारी का ट्रेनिंग केंद्र

**राजवर्धन बल्दुआ पिपरिया।** अनुविभाग क्षेत्र एक बार फिर भारतीय प्रशासनिक सेवा के आईएएस अधिकारियों का ट्रेनिंग केंद्र बन गया है। पिपरिया अनुविभाग में पिछले 8 वर्षों में एसडीएम के रूप में आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति होना बंद हो गया था। पंरतु ऐसा लगता है कि फिर एक बार सूबे की सरकार ने पिपरिया अनुविभाग को आईएएस अधिकारियों की ट्रेनिंग के लिए मुफीद मान लिया है। महिला आईएएस अधिकारी अनिशा श्रीवास्तव ने लगभग एक साल से भी अधिक समय तक पिपरिया एसडीएम की कमान संभाली जिनका तबादला कुछ ही दिन पहले ग्वालियर कर दिया गया है। इसके बाद जिला कलेक्टर सोनिया मीना ने देंवेंद्र प्रताप सिंह को पिपरिया एसडीएम नियुक्त किया था परंतु वह केवल एक सप्ताह में ही पिपरिया राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तबादला सूची जारी करते हुए 2023 बैच के आईएएस अधिकारी अकीप खान को पिपरिया का अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नियुक्त किया है।

### ट्रेनिंग में पचमढ़ी का अहम रोल

पिपरिया अनुविभाग को आईएएस अधिकारियों की ट्रेनिंग के लिए मुफीद अनुविभाग मानने के पीछे प्रदेश के एक मात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी का बहुत बड़ा योगदान है। पचमढ़ी में सालभर पर्यटन के साथ-साथ प्रोटोकॉल ड्यूटी मायने रखती है।

वहीं वर्ष में दो बड़े मेले नागद्वारी व चौरागढ़ में लाखों शिव भक्त शामिल होते है। इसमें अधिकारी को भीड़ नियंत्रण एवं स्टाफ के साथ समन्वय सीखने को मिलता है।

### बारहवें आईएएस अधिकारी होंगे खान



पिपरिया अनुविभाग के बारहवें आईएएस अधिकारी के रूप में अकीप खान अपना पदभार संभालेगें। इसके पहले आईएएस अधिकारी दीपक खांडेकर दो बार, राघवेंद्र सिंह, आकाश त्रिपाठी, राहुल जैन, वी किरण गोपाल, तेजस्वी एस नायक, वी किरण गोपाल, तरूण राठी, सतीश कुमार, अनिशा श्रीवास्तव पदस्थ रही है। गिरीश शर्मा व नियाज अहमद खान भी पिपरिया एसडीएम रहे चुके है। जिनको बाद में सरकार ने आईएएस अवार्ड दिया।

### आईएएस अफसरों से नेताओं को रहती है दिक्कत

पिपरिया में अब तक करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी एसडीएम के रूप में पदस्थ रह चुके है। इस दौरान आम जनता के जायज कार्य तो समय पर होते है। परंतु सबसे ज्यादा समस्याओं का सामना नेताओं व जनप्रतिनिधियों को कराना पड़ता है। दरसअल नेता अपने व कार्यकर्ताओं के कार्य जल्दी कराना चाहते है। परंतु ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूरी फाईल को पढ़ कर व कानून को समझ कर ही कार्य किया करते है। जिससे समय लग जाता है। दरअसल आईएएस अधिकारी को जिले भविष्य में कलेक्टरी करनी होती है। यदि ट्रेनिंग में जल्दबाजी या नेताओं के दवाब में कोई गलत फैसला या आदेश निकाल दिया तो बाद में उनके लिए मुसीबत बन सकती है। जिसके चलते वह मैदानी ज्ञान लेने में अपना सबसे ज्यादा समय बिताना पसंद करते है।

## कार्यकर्ताओं ने 1187 बूथों पर सुना मन की बात कार्यक्रम



**जागरण, नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में रविवार को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। भाजपा ने जिलेभर में 1187 बूथों पर सामूहिक रूप से सुना गया। सोहागपुर विधायक विजयपाल ने विधायक कार्यालय भाग्यश्री लॉज इतवारा बाजार पर कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने जवाहर नवोदय विद्यालय, पवारखेड़ा में छात्र-छात्राओं के साथ, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव सहित प्रमुख भाजपाईयों ने विभिन्न बूथों पर कार्यक्रम को सुना।

## भूतपूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य परीक्षण की जिम्मेदारी रोटरी क्लब रायल ने निभाई



**जागरण, नर्मदापुरम।** साई कृष्णा रिसोर्ट में भूतपूर्व सैनिकों की रैली एवं सम्मान समारोह में सैनिकों का स्वास्थ्य परीक्षण की जिम्मेदारी रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल ने संभाली, जिसमे नर्मदा अपना अस्पताल, भोपाल एवं नर्मदापुरम, केशव (सेठा) कैंसर अस्पाल की टीम के सहयोग से 350 सैनिकों की शुगर, बीपी, प्रोस्टेड संबंधी जांच एवं सैनिकों के परिवार से महिलाओं की जांच कर उचित सलाह दी। रोटरी क्लब रॉयल ने मुंबई की लैब में प्रोस्टेट की जांच के लिए 25 सैनिकों का ब्लड सेंपल भेजे गए। पचमढ़ी के सैनिक बैंड की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सैनिक बोर्ड डिस्ट्रिक कमांडेंट अनुराग सक्सेना, नर्मदा अपना अस्पताल के डायरेक्टर डॉ राजेश शर्मा, रोटरी क्लब रॉयल से अनुपम दुबे, प्रशांत नागर, प्रदीप गिल्ला, विपिन जैन, महावीर जैन, अभिषेक दुबे, महेश चौकसे, अमीन राईन, शैलेन्द्र चौकसे, अंकित गिल्ला, प्रदीप राजपूत, मुकेश राजपूत, आयुष चौकसे, रूपेश फौजदार आदि मौजूद रहे।

## नगर कांग्रेस ने किया मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन



**जागरण, माखन नगर।** नगर कांग्रेस ने नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने प्रदेश सरकार के नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ नसीराबाद चौराहे पर नारेबाजी व पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मंत्री श्री विजयवर्गीय द्वारा कथित तौर पर राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के भाई-बहन रिश्ते को लेकर विवादित टिप्पणी के विरोध में किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला ने तीखा विरोध करते हुए इसे भारतीय सनातन संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों का अपमान बताते हुए मंत्री को तुरंत मंत्रीमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। समस्त कांग्रेस जनों ने इसे भाजपा का दोहरा चरित्र बताया एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ सम्पूर्ण मातृशक्ति से माफी मांगने की मांग रखी। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा यदि इस प्रकार की बयानबाज़ी दोबारा की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला, संयोगिता पांडे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अमृतबिंदु डेरिया, बाबू खान, स्वदेश मालवीय, प्रकाश चौरासिया, मोहन सोनी, राजू बड़गुज़ार, भगवानदास साहू, संजय अहिरवार, विजय मीना, गिरीश वर्मा, द्वारका चौधरी, हेमंत खंडेलवाल, सुनील मोदी, देवेंद्र यादव, संतोष यादव, विजय यादव, सुमित डेरिया, जाहिद खान, शेखर राजपूत, संजय दुबे, कार्तिकेय वर्मा, प्रदीप जैन, उत्कर्ष आचार्य, भवानी साहू, राजेंद्र चौहान, शेरबेग, मुकेश सोनी, बलराम अहिरवार, राजेंद्र शखूतावत्त, रसीद ख़ान, कादर खान, संदीप शर्मा, राजेश यादव, संतोष मेहरा, मेहरा बाबू सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## डॉ. मालवी बने क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज के अध्यक्ष



**जागरण, नर्मदापुरम।** क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज उत्थान सेवा समिति नर्मदापुरम की बैठक का आयोजन स्थानीय मालवीय अस्पताल में शनिवार को किया गया जिसमें समाज के विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई। इसी क्रम में वर्तमान अध्यक्ष राजकुमार चौकसे का कार्यकाल पूर्ण होने पर नए अध्यक्ष चुनने के लिए डॉ. श्रवण मालवीय का नाम प्रस्तावित किया, जिसमें मणि शंकर राय, हंस राय, महेश चौकसे, प्रकाश शिवहरे, द्वारा समर्थन किया गया। समाज के संपूर्ण उपस्थित सदस्यों ने हर्ष ध्वनि करते हुए डॉ श्रवण मालवी को अध्यक्ष चुनने की सहमति प्रदान की एवं आगामी दिनों मे सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की गई, इसी बैठक में नवयुक्त जिला मंत्री भाजपा गोविंद राय का भी स्वागत किया गया, जिसमें समाज के समस्त वरिष्ठ उपस्थित रहे सर्वश्री जगदीश मालवी, गणेश राम मालवी, जय मोहन राय, सेठी चौकसे, सागर शिवहरे, अर्पित मालवीय, ओम राय, रितेश मालवी, आनंद राय, जयप्रकाश सेठी, कृतिक शिवहरे, रामकृष्ण राय, महेश मालवीय, कैलाश चौकसे, नितेश मालवी, प्रकाश चौकसे, लखनलाल मालवीय, महेश चंद्र मालवीय, डीआर राय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाजजनों ने बताया कि समाज के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास हमारे द्वारा मिलकर किए जाएंगे।




## न्यूज कार्नर

### महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की



**जागरण, टिमरनी।** भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय टिमरनी की एनसीसी इकाई द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र एवं छात्रा कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की। सरस्वती माता मंदिर, भारत माता मंदिर एवं विवेकानंद जी की प्रतिमा के आसपास विशेष रूप से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी डॉ दुर्गेश नंदनी अग्रवाल एवं केपी नागरे के नेतृत्व में दोनों इकाइयों के कैडेट्स सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेके जैन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार सिकरवार सहित समस्त स्टाफ ने भी भाग लेकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### हरदा में भजन संध्या का आयोजन कल

**जागरण, हरदा।** नगर में 30 सितम्बर को श्री सिंधी समाज नवयुवक उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस बार भी बड़ी सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर प्रांगण में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भजन संध्या का शुभारंभ रात्रि 9.30 बजे से होगा। इस अवसर पर इंदौर एवं देवास शहर से सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष तिवारी, आकाश अग्रवाल एवं उनके साथीगण अपनी प्रस्तुति देंगे।

### जिला समन्वय समिति की बैठक आज

**जागरण, हरदा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी संजय दत्त हरदा जिला समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक 29 सितम्बर सोमवार को एक होटल में आयोजित होगी।

**मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक से आज करेंगे फीस प्रतिपूर्ति, 8 लाख 45 हजार छात्रों को लाभ मिलेगा**

# 20 हजार अशासकीय विद्यालयों को अंतरित की जाएगी 489 करोड़ की राशि

**जागरण, हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शिक्षा का अधिकार अधिनियम अन्तर्गत अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की 489 करोड रुपये फीस प्रतिपूर्ति की राशि सिंगल क्लिक से सीधे स्कूलों के खातों में अंतरित करेंगे। फीस अंतरण का कार्यक्रम हरदा जिले के खिरकिया नगर में 29 सितम्बर को होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र की अपर मिशन संचालक श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्ष 2023-24 के अशासकीय विद्यालयों के प्रेषित प्रस्ताव पर नियमानुसार पोर्टल से जनरेटेड इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के माध्यम से फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की गयी है। प्रदेश के 20 हजार 652 अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निःशुल्क अध्ययनरत करीब 8 लाख 45 हजार विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति की जायेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के अंतर्गत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को उनके ग्राम, वार्ड अथवा पडोस में स्थित स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा की न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश दिये जाने का प्रावधान है। वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत प्रदेश में लगभग 8.50 लाख बच्चे अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क अध्ययनरत

होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे है। पूर्व के वर्षों में प्रवेशित छात्रों की संख्या को देखा जाये तो सत्र 2011-12 से लागू इस प्रावधान के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क अध्ययन से लगभग 19 लाख बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं।



### कमिश्नर एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

**जागरण, हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त केजी तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला एवं उप पुलिस महानिरीक्षक प्रशांत खरे ने रविवार को खिरकिया एवं बावडिया में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल सहित जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कमिश्नर श्री तिवारी ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखी और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने इस दौरान हेलीपेड एवं कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था देखी। खिरकिया में कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं सभा व्यवस्था का भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। खिरकिया में कार्यक्रम में शामिल होने वाले आगंतुकों एवं विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के संबंध में भी उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कमिश्नर एवं आईजी ने मुख्यमंत्री के भ्रमण के मार्ग एवं हेलीपेड का भी अवलोकन किया। मार्ग की आवश्यक मरम्मत कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

## आवारा कुत्तों और मवेशी से लोग हो रहे परेशान, सड़कों पर लगा रहे जाम

**नागरिकों ने की प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग**





**जागरण, टिमरनी।** नगर में आवारा कुत्तों और पशुओं की बढ़ती समस्या से नागरिकों का जीना दूभर हो गया है। दिन-प्रतिदिन सड़कों पर बढ़ते आवारा कुत्तों के झुंड लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। वहीं आवारा मवेशी के सड़कों पर बैठे रहने के कारण वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमले का खतरा सबसे अधिक बना रहता है। कई बार स्कूली बच्चे और सुबह-सुबह टहलने जाने वाले बुजुर्ग कुत्तों का शिकार हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर आवारा मवेशियों की वजह से नगर की यातायात व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त हो गई है। सड़क पर बैठने और घूमने वाले मवेशी जाम और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि इस समस्या पर नगर परिषद और प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देन चाहिए, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। स्थिति यह है कि लोग भय और परेशानी के बीच जीने को मजबूर हैं।

नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। नगरवासियों की अपेक्षा है कि नगर परिषद सक्रिय होकर इस पर त्वरित समाधान निकाले ताकि नागरिक सुरक्षित और निर्भय होकर आवागमन कर सकें।

# भावांतर राशि से किसानों को मिलेगी बड़ी राहतः पटेल

- पूर्व कृषि मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया
- सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रु. घोषित की

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सागर जिले के जैसीनगर में सभा को संबोधित करते हुए सोयाबीन फसल के लिए योजना लागू करने की घोषणा की। सीएम के द्वारा किसान हित में बड़े ऐलान किए हैं। पूर्व कृषि मंत्री किसान नेता कमल पटेल ने इसे बड़ी राहत बताते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के किसान हितैषी निर्णय की सराहना की है और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि सोयाबीन अगर एमएसपी से कम में बिकेगी तो डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतर की राशि देगी। प्रदेश में किसानों को एक बार फिर से भावांतर योजना का सहारा मिलेगा। प्रदेश में साल 2017 में मध्य प्रदेश के तत्कालीन मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भावांतर योजना शुरू की थी। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोयाबीन के लिए एमएसपी प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित की है। सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने जैसीनगर में कहा कि एमएसपी का जो रेट है पूरे प्रदेश के अंदर हमारी सरकार के माध्यम से किसानों को ये रेट दिलाया जाएगा। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा एमएसपी के आधार पर हमारी सरकार ने तय किया है सोयाबीन को 5328 रुपए रखवाने का प्रयास किया है। इस बार किसानों को भावांतर योजना के जरिए उनके खाते में अंतर की राशि का लाभ मिलेगा। पटेल ने कहा कि हम किसी भी कीमत पर किसान को घाटा नहीं होने देंगे। किसानों के साथ हमारी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार हर कदम पर खड़ी है। इस किसान हितैषी महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से हम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कृतज्ञता पूर्वक आभार व्यक्त करते हैं, ओर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का अभिनंदन करते हैं।

### भावांतर की गाइड लाइन स्पष्ट करे राज्य सरकारः भाकिसं

**जागरण, हरदा।** समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी से बचने के लिए राज्य सरकार ने भावांतर योजना बनाई है। भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बताया कि इस योजना को लेकर अभी किसानों में कई प्रकार के भ्रम की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि सन 2018 में भी इस योजना को शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाया गया था, जो कि बिल्कुल नाकाम सिद्ध हुई थी। कई किसानों को अभी तक भावांतर राशि नहीं प्राप्त हुई, ओर उन्होंने ने उसे बंद भी कर दिया। अब किसानों के मन में यह संशय है कि जब बाजार में दो एजेंसी खरीदी करती हैं, तो उनमें कांपीटिशन की भावना से रेट में ज्यादा कमी नहीं होती, जैसे समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी जैसे ही प्रारंभ हुई तो व्यापारियों ने मूंग के रेट एक दम से पांच सौ रुपए बढ़ा दिए थे, किंतु इस योजना में सरकार ने सब कमान व्यापारियों के हाथ ही सौंप दी, अब व्यापारी सोयाबीन को कम रेट में खरीदी करेंगे ये निश्चित है और इसका खामियाजा बेचारा किसान भोगेगा। किसानों की सोयाबीन तीन हजार में बिकी, तो क्या सरकार समर्थन मूल्य पांच हजार तीन सौ अट्ठाइस रुपय के बीच की अंतर राशि दो हजार तीन सौ अट्ठाइस रुपय किसान को देगी, या पूर्व वर्ष के समान दो सौ, तीन सौ रुपय देकर काम तमाम कर देगी।

## राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन कार्यक्रम के तहत कृषि सखियों को दिया प्रशिक्षण

**रोग तथा कीट प्रबंधन की जानकारी प्रदान की**



**जागरण, हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र हरदा द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अन्तर्गत 25 से 29 सितंबर तक पांच दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण अंतर्गत चतुर्थ दिवस रविवार को कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ आरसी जाटव ने बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत के बारे मैं विस्तार से प्रयोग कर समझाया। प्रशिक्षण में पादप विज्ञान के वैज्ञानिक डॉ ओमप्रकाश भारती ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती में रोग तथा कीट प्रबंधन हेतु नीम अस्त्र, अग्नि अस्त्र, दष्परिणी अर्क, ब्रह्मास्त्र आदि का प्रयोग के संबंध में जानकारी दी। केंद्र की वैज्ञानिक सुश्री जागृति बोरकर ने प्रगतिशील किसान जय नारायण राय ग्राम नयापुरा के जैविक प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया। प्रशिक्षण में केंद्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ मुकेश कुमार बंकोलिया, सुश्री पुष्पा झारिया एवं प्रमोद प्रसाद परवार ने भी तकनीकी जानकारी दी।

### जिले में 71.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**जागरण, हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 71.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 73.6 मिमी, टिमरनी में 65.4 मिमी, खिरकिया में 104.8 मिमी, सिराली में 56.4 मिमी तथा रहटगांव में 57.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1181.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 1063.6 मिमी, टिमरनी में 1313.5 मिमी, खिरकिया में 1262.6 मिमी, सिराली में 1207.4 तथा रहटगांव में 1062 मिमी वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष की 28 सितम्बर तक 1038 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

## न्यूज कार्नर

### उदित ने जिले को किया गौरवांवित

**जागरण, नर्मदापुरम।** युवा संगीतकार उदित नारायण तिवारी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले को गौरवांवित किया है। स्वामीजी, नर्मदा जी, माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से



उन्होंने मध्यप्रदेश संगीत वर्ग-2 चयन परीक्षा 2025 में प्रदेश मेरिट सूची में 100 स्कोर के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उदित बचपन से ही संगीत के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। उदित नारायण तिवारी अब तक शंकर महादेवन, साधना सरगम, अनुराधा पौडवाल, सुरेश वाडकर, सूर्य गायत्री और अभिजीत सावंत जैसे नामचीन कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। वे नर्मदापुरम् के एक प्रतिभाशाली लेखक, गीतकार और संगीतकार के रूप में भी अपनी पहचान बना चुके हैं। इस उपलब्धि पर परिवारजन, गुरुजन और मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत में विद्यार्थी चयनित



**जागरण, नर्मदापुरम।** 13 मध्य प्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकेंडरी स्कूल के जूनियर चार कैडेट्स इंदौर में आयोजित एक भारत, श्रेष्ठ भारत शिविर में शामिल हुए। ये सभी कैडेट्स कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में यहां से शिविर के लिए रवाना हुए। केंप में शामिल होने वाले कैडेट्स में वेदज्ञ भूषण शर्मा, युवराज यादव, अश्विन श्रोती, नैतिक ठाकुर हैं। बटालियन के अधिकारियों और सेकंड ऑफिसर विजय श्रीवास्तव ने उन्हें रवाना किया।

### त्रैमासिक निरीक्षण आज

**जागरण, नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थापित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का प्रतिमाह मासिक निरीक्षण एवं त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण 29 सितम्बर सोमवार को प्रातः 10 बजे कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा किया जाएगा।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में किसी को मिली निराशा तो किसी का हुआ प्रमोशन



**जागरण, नर्मदापुरम।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला की जिला भाजपा की प्रतीक्षारत कार्यकारिणी शुक्रवार देर शाम जारी हुई जिसमें पूर्व के पदाधिकारियों में महामंत्री मुकेश मैना और कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित को पुनः वही दायित्व मिला वहीं कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंत्री ज्योति चौरे का भी प्रमोशन हुआ और वे महामंत्री बनी है। दरअसल महामंत्री को लेकर हुई जोर आजमाइश में सामान्य वर्ग पिछड़ गया और दो पिछड़े वर्ग से और एक अजजा से महामंत्री बनाए गए। पार्टी के पावर सेंटर में नर्मदापुरम विधायक भारी पड़े और दो महामंत्री सहित अन्य पद पर भी अपने समर्थकों को स्थान दिलाने में सफल हुए हालांकि उनके पसंदीदा युवा अनुराग तिवारी मंत्री नहीं बन पाए बताया जा रहा है कि कांग्रेस से भाजपा में आए सम्राट तिवारी सीधे प्रदेश प्रभारी के प्रभाव के चलते इन पर भारी पड़ गए और मंत्री पद का दायित्व पाने में सफल रहे जिसके बाद विधानसभा से ब्राम्हण की संख्या पर अंकुश लगाने गोलू तिवारी टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। संघ पृष्ठभूमि वाले प्रांशु राने भी मंत्री बनाए गए है हालांकि उन्होंने महामंत्री के लिए दावेदारी की थी लेकिन सोहागपुर विधायक की कड़ी आपत्ति के कारण मंत्री पद से ही संतोष करना पड़ा। वहीं सोहागपुर विधानसभा से विजयपाल सिंह कुंअर यादव को महामंत्री तथा निखिलेश चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष बनवाने में सफल रहे। श्री यादव को विजयपाल सिंह के अलावा राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का भी समर्थक माना जाता है।

पूर्व सांसद और मंत्री उदयप्रताप सिंह के समर्थक राहुल सिंह को संभाग प्रभारी पंकज जोशी के वरदहस्त के बावजूद महामंत्री पद नहीं मिल सका सामान्य वर्ग से उनकी और लोकेश तिवारी की मजबूत दावेदारी थी जबकि ब्राह्मण जिलाध्यक्ष होने से महामंत्री पद ब्राह्मण को न दिए जाने के फार्मूले के कारण लोकेश तिवारी को भी उपाध्यक्ष से ही संतोष करना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार जयकिशोर चौधरी स्वास्थ्य कारणों से कार्यकारणी में नहीं आ पाए उनकी भी मजबूत दावेदारी थी।

मुख्यालय से जहां गोविंद राय का मंत्री बनाकर कई दावेदारों को चौंका दिया वहीं वंदना दुबे को भी सह कार्यालय मंत्री बनाकर संतुष्ट करने का प्रयास किया है। हालांकि अभी दो उपाध्यक्ष और दो मंत्री के पद रिक्त है जिनको लेकर जिलेभर से बचे हुए दावेदारों के बीच जमकर लॉबिंग होगी।

## मां विजयासन धाम महुआढाना में 451 फीट की चुनरी अर्पित

**जागरण, सिवनी मालवा।** मां खेड़ापति से विशाल चुनरी यात्रा प्रारंभ की गई जो की 451 फिट लंबी चुनरी को अर्पण की गई। विशाल चुनरी यात्रा सुबह 10 बजे से प्रारंभ की गई जो की मां शीतला दरबार कल्लू चौक, नर्मदा मंदिर चौक, गांधी चौक, पाठक चौक, पिपलिया, एवं खरार होते हुए मां बिजासन धाम महुआ ढाना पहुंची यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही जलपान एवं फलाहार भक्तों को खिलाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया विशाल चुनरी यात्रा गाजे बाजे के साथ ढोल धमाके के साथ बरसते पानी में निकाली गई।



साथ ही कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जो की नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए विजयासन धाम महुआ ढाना पहुंची जहां पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया द्वारा पूजा अर्चन किया गया। इसके बाद भंडारा प्रसादी में हजारों की संख्या में नगर सहित ग्राम वासियों ने भाग लेकर मां बिजासन का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चुनरी यात्रा में राजसभा सांसद माया नारोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मंदिर के निर्माण कार्य हेतु अनुदान राशि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हितग्राहियों को मिली आर्थिक सहायता

**जागरण, सोहागपुर।** विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से सोहागपुर, माखननगर एवं नर्मदापुरम के 25 हितग्राहियों को 03 लाख 05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर माखन नगर के 06 हितग्राही राजकुमार मीना, यशोदा, नर्मदाप्रसाद मीना श्री शेरसिंह मीना ग्राम खिड़िया विकासखंड माखननगर, रमेश कुमार शर्मा रमाकांत शर्मा बार्ड नं. 13 पटैल मोहल्ला माखननगर, भूपेन्द्र आ0 नर्मदा प्रसाद प्रजापति वार्ड नं.02 माखननगर एवं रामभरोष भैयालाल अहिर ग्राम आरी माखननगर को क्रमशः 25-25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह नर्मदापुरम, सोहागपुर के हितग्राहियों को राशि स्वीकृति मिली।

### 1387.5 मिमी वर्षा दर्ज

**जागरण, नर्मदापुरम।** जिले में 1 जून से 28 सितम्बर तक 1387.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया है कि 28 सितम्बर तक तहसील नर्मदापुरम में 42.9, सिवनीमालवा में 57.0, इटारसी 46.2, माखननगर में 24.0, सोहागपुर में 25.0, पिपरिया में 15.4, बनखेड़ी में 15.4, पचमढ़ी में 27.4 एवं तहसील डोलरिया 68.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। रविवार को भी जिले में दिनभर रूक-रूक कर हल्की बारिश होती रही।

### बांद्राभान में चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न



**जागरण, नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत के सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शासकीय माध्यमिक शाला बांद्राभान में माध्यमिक शिक्षिका सीमा गौर के मार्गदर्शन में स्वच्छता विषयक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परिणामस्वरूप कक्षा 8वीं की योगिता पासी ने प्रथम स्थान, कक्षा 8वीं की हिमांशी पासी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 7वीं की दीक्षा पासी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिका सीमा गौर ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उन्हें यह समझाया जा रहा है कि विद्यालय के साथ-साथ घर और आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी की है। विद्यार्थियों को अपने परिवार के सदस्यों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

## पात्र हितग्राहियों को 30 सितंबर तक हो खाद्यान्न वितरण : कलेक्टर

**जागरण, नर्मदापुरम।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों को सितंबर माह के खाद्यान्न का शत प्रतिशत वितरण 30 सितंबर तक सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना खाद्य विभाग एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कार्यरत समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला आपूर्ति नियंत्रक, उपायुक्त सहकारिता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा जिले में पदस्थ सभी सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि खाद्यान्न के शत प्रतिशत वितरण के लिए शनिवार और रविवार सहित अवकाश के अन्य दिनों में भी सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानो को खोला जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि अवकाश के दिनों में भी खाद्यान्न का उठाव एवं परिवहन सुचारू रखा जाए साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये हैं संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि परिवहनकर्ताओं द्वारा शनिवार, रविवार सहित सितंबर माह के शेष सभी दिनों में प्रदाय केंद्रों से खाद्यान्न का उठाव कर उचित मूल्य दुकानों तक परिवहन करवाया जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले में आज दिनांक तक माह सितम्बर के आवंटन का शत प्रतिशत उठाव कर शासकीय उचित मूल्य दुकानों तक पहुंचाया जा चुका है एवं पात्र हितग्राहियों में से कुल 85 प्रतिशत हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है एवं उक्त संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने समस्त अनुभागीय अधिकारियों (राजस्व) को भी निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत शनिवार और रविवार सहित सितंबर माह के समस्त अवकाश के दिवसों में भी शासकीय उचित मूल्य दुकानों को खुला रखवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिससे जिले में शेष हितग्राहियों को माह के अंत तक शत-प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण हो सके। कलेक्टर ने कहा कि उक्त समस्त निर्देशों का अधिकारी कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

## सेवा पखवाड़ा : महाविद्यालय में कुटीर एवं लघु उद्योग पर हुआ व्याख्यान



**जागरण, नर्मदापुरम।** जिले में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने संबंधित आदि जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में छात्राओं के लिए कुटीर एवं लघु उद्योग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा पांडे के निर्देशन में किया गया। व्याख्यान में प्राध्यापक डॉ. गजेंद्र वाईकर ने छात्राओं को कुटीर एवं लघु उद्योग की स्थापना एवं वित्तीय आत्मनिर्भरता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही डॉ. पदम शर्मा ने उद्यमी में आवश्यक गुणों की जानकारी दी, वहीं डॉ. मनीष दीक्षित ने बताया कि 21वीं सदी में महिलाएं उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए लघु एवं कुटीर उद्योगों का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# तहसीलदार शासन के 184 करोड़ वसूलने में रुचि ही नहीं दिखा रहे

## अवैध खनन के मामले में जुर्माने की राशि अवैध खननकर्ता जमा नहीं करते

**बैतूल जागरण। खनिज विभाग अवैध उत्खनन के प्रकरण बनाता है और उसमें जो जुर्माना कलेक्टर द्वारा किया जाता है, उसमें अवैध उत्खननकर्ता राशि ही जमा नहीं करते। बैतूल जिले में पिछले 35 वर्ष में ऐसे 53 प्रकरण है, जिनमें अवैध खननकर्ताओं ने राशि ही जमा नहीं की और यह राशि बढ़ते हुए 184 करोड़ पर पहुंच गई। इस राशि की वसूली को लेकर किसी भी खनिज अधिकारी ने कभी कोई रूचि नहीं ली और समय पर आरआरसी जारी नहीं की। अब जब इस वसूली को लेकर आरआरसी जारी की गई तो राशि वसूल करने के लिए संबंधित तहसीलदार रूचि ही नहीं ले रहे है।**

### इससे समझो आदत... अपने ही राजस्व विभाग की वसूली तब तहसीलदारों ने शुरू की जब कलेक्टर ने उन्हें हड़काया




राजस्व अधिकारियों के कामकाज और रूचि को लेकर यह बड़ा प्रमाण है कि राजस्व विभाग की वसूली को लेकर भी तहसीलदारों ने वर्ष पर कोई रूचि नहीं ली, जबकि कलेक्टर राजस्व अधिकारियों की बैठक में इस पर दिशा निर्देश देते हैं। अब जब वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर आया और ऊपर से डंडा चला तो अभियान चलाकर वसूली शुरू की।

### एक माह पहले जारी आरआरसी में तहसीलदारों ने दर्ज नहीं किए केस

करीब एक माह पहले खनिज विभाग 53 प्रकरण में आरसीसी जारी की और संबंधित तहसीलों को वसूली के लिए भेज दी, लेकिन किसी भी तहसील में वसूली के लिए प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

### शाहपुर में सबसे ज्यादा वसूली और तहसीलदार एक माह के अवकाश पर

शाहपुर तहसील ऐसी है जहां सबसे ज्यादा राशि वसूली होना है और यहां पर तीन प्रकरण में ही 138 करोड़ वसूल किए जाना है, लेकिन तहसीलदार लंबे अवकाश पर है और प्रभारी की रूचि ही नहीं है।

### इस वसूली में नहीं मिलेगा कमीशन इसलिए रूचि नहीं ले रहे तहसीलदार

सरकारी वसूली में प्रक्रिया पूरी करने में एनर्जी खर्च होगी और मिलेगा कुछ नहीं, इसलिए कोई भी तहसीलदार रूचि नहीं ले रहा है। यदि यह बैंक की वसूली होती तो दौड़ पड़ते, क्योंकि कमीशन भी मिलता है।



## स्व. शारदा राठौर की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, समाज को मिली सहयोग राशि

**बैतूल/ जागरण ।**
केसरबाग में आज राठौर समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एम.एल. राठौर की धर्मपत्नी स्वर्गीय शारदा राठौर की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक समाजों एवं संगठनों के प्रतिनिधि, नागरिक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राठौर समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष राठौर, राठौर समाज के सदस्यों, समाजसेवी डी. पणूकार तथा अन्य प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में स्व. शारदा राठौर के जीवन, उनके योगदान और पारिवारिक मूल्यों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। सभी ने उनके सरल, प्रेरक और समाजसेवा के भाव से भरे व्यक्तित्व को याद किया। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. राठौर एवं उनके पुत्र ने 2,51,000 रुपये की राशि तथा उनके दामाद दीपक राधेर ने 51,000 रुपये की राशि स्व. शारदा राठौर की स्मृति में राठौर समाज को भेंट की। यह योगदान समाज की विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों और जरूरतमंदों की सहायता में उपयोग किया जाएगा। राठौर समाज के जिला क्षत्रिय संगठन ने इस उदार सहयोग के लिए राठौर परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। सभा में मौजूद सभी लोगों ने सहयोगकर्ताओं को साधुवाद दिया और समाज के सामूहिक उत्थान के लिए ऐसे प्रयासों को सराहनीय बताया।

## न्यूज कार्नर

### अंजली को मिली पीएचडी



**बैतूल।** अंजली राठौर को बैतूल जिले के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले आदिवासियों के नाखूनों में फफूंदी द्वारा होने वाले संक्रमण के अध्ययन पर शोध उपरांत स्टडीज ऑन फंगल इन्फेक्शन आफ नेल्स इन ट्राइबल पर माइक्रोबायोलॉजी में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होने अपना शोध कार्य माइक्रोबायोलाजी की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.अल्का पांडे के मार्गदर्शन में और बीयू भोपाल की डॉ.सुनीत कुमार स्नेही के सह निर्देशन में पूर्ण किया है। अंजली ने 2016 में एमएससी में बीयू में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2018 से शोध कार्य प्रारंभ किया। उन्होने जिले के आदिवासी महिला पुरूषों के संक्रमित नाखूनों के 150 सेम्पल एकत्रित कर अपनी शोध का आधार बनाया। इनकी इस उपलब्धि पर श्रीमती सुनीता राठौर, हेमलता राठौर, जनभागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान, कॉलेज स्टाफ, इष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

### राजयोगिनी अवधेश दीदी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजली

**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक शिक्षण संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मप्र भोपाल क्षेत्र की अध्यक्षा एवं राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के प्रशासक सेवा प्रभाव की राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी अवधेश दीदी ने गत 19 सितंबर को ब्रह्म मुहूर्त में अपने 75 वर्ष की आयु में भौतिक देह को त्याग कर ईश्वर की शरण ली। अवधेश दीदी को श्रद्धांजली अर्पित करने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला शामिल हुए थे। सभी ने दीदी जी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके दिव्य कार्यों को स्मरण किया। दीदी जी के देहावसान के पश्चात समस्त ब्रह्माकुमारीज के लगभग 6000 सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### सुखाखैरी के छात्र का राज्य स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता में चयन

**गाडरवारा।** क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखाखैरी के कक्षा 11वीं में अध्यनरत छात्र सोनू चौधरी ने संभाग स्तरीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है एवं उनका चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु हुआ है। ये प्रतियोगिता शुजालपुर में 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होगी। छात्र की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीलम मरावी संस्था के प्राचार्य महेंद्र पटेल विकासखंड खेल प्रभारी डॉ संदीप कुमार मेहरा विकासखंड खेल सह प्रभारी नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड कोच सुमित कौरव और संस्था के समस्त स्टाफने छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है।

### विद्यार्थियों को वितरित की निःशुल्क साइकिलें

**नरसिंहपुर।** विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में प्रदेश सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत विद्यार्थियों को निरूशुल्क साइकिलें वितरित की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षाए स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य हो रहे हैं। इस योजना से निश्चित ही विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। इस अवसर पर रामसनेही पाठक पूर्व विधायक भैयाराम पटेल श्रसहित अन्य जनप्रतिनिधिए अध्यापक विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### आजीविका फ्रेश मेला का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत महिला स्व.सहायता समूहों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से ष्सपनों की उड़ानष लोकल फॉर वोकल के अंतर्गत तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला का शुभारंभ जनपद मैदान में किया गया। यह मेला मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन नरसिंहपुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर रामस्नेही पाठकए सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश आजीविका मिशन का स्टाफ और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# सराफा बाजार में लूट का प्रयास करने वाले आरोपियों पर केस दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई जागरण।**
बीते गुरुवार की रात नगर के सराफा बाजार में लूट का प्रयास करने वाले आरोपियों पर पुलिस द्वारा शनिवार को अपराध दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।टीआई देवकरण डहेरिया ने बताया फरियादी मयंक सोनी पिता संतोष सोनी उम्र 21 साल निवासी गायत्री एक्का के सामनें गांधी चौक मुलताई ने रिपोर्ट किया कि बीते 26 सितम्बर 2025 की रात करीबन 12.30 बजे मै मेरे दोस्त मानस चंदेल व करण पवार तीनो गांधी चौक से हमारे घर तरफ जा रहे थे तभी पुरानी अशोक टाकीज के सामनें चार लोग स्कुटी से दो दो करके हमारे सराफा की दुकान से घर तक रैकी कर रहे थे,एक ज्यूपीटर व एक एक्सेस स्कूटी से थे। जिसमें एक्सेस स्कूटी बिना नम्बर की थी तथा ज्युपिटर स्कूटी का नम्बर एमपी. 48 एमजे. 523 था। हम लोगो नें एक्सेस स्कूटी के साथ टाकिज के सामनें रुके लडको से पुछताछ की जो कि दोनो सिर पर केप पहनें थे तथा मुंह में मास्क लगाये हुये थे, तो वे लोग बाते घुमानें लगे मै व करण वहीं रुककर उनसे पुछताछ करनें लगा तथा मानस गांधी चौक तरफ पुलिस वालो को बुलानें चला गया। इतनें में एक काले रंग की शर्ट पहना लड़का मेरे उपर राड लेकर दौड़ा तथा एक लाल रंग की शर्ट पहने लड़के नें करण के उपर कट्टा निकाल दिया। तभी हम लोग नें आवाज लगाई तो मोहल्ले के लोग पंहुचे तो वे लोग एक सफेद रंग की एक्सेस स्कूटी छोडकर वहां से भाग गये तब तक पुलिस भी सूचना पर आ गई । जो लोग हमारे सराफा में लूट करनें के लिये रैकी कर रहे थे उनमें से एक का नाम राकेश है जो मुलताई का निवासी है जिस लड़के नें पिस्टल निकाली थी। जिस पर पुलिस द्वारा धारा 309(5),312 बीएनएसएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया स्टाफ सहित मौके पर पहुँचकर मौके से एक स्कूटी हथियार रखे व्यक्ति की मौके पर छोड़कर भाग जाने से जप्त की गई है। वही सीसीटीव्ही फुटेज व राकेश गलफट निवासी मुलताई को अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ करने पर लूट करने के लिये अपने साथी गब्बर निवासी बैतूल व जबलपुर के अन्य 2 लड़को के साथ रैकी करना बताया। राकेश गलफट सराफा की दुकान में काम भी कर चुका है। जिसे सराफा व्यापारियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी थी वही आरोपियों को रैकी करवा रहा था। प्रकरण मे पुलिस द्वारा आरोपी संजीव संज्ञा पिता शिवशंकर संज्ञा उम्र 57 साल निवासी अष्टविनायक कालोनी गौढाना बैतूल एवं राकेश पिता बाबुराव गलफट उम्र 30 साल निवासी गुरूसाहब वार्ड मुलताई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने परीक्षण शिविर आज

**मुलताई।** भारत सरकार की वयोश्री योजना अन्तर्गत वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए 29 सितंबर को परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है ।जनपद पंचायत सीईओ डीएस मसराम ने बताया नगर सटे ग्राम कामथ के सामुदायिक भवन में सुबह 11 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जनपद पंचायत मुलताई, प्रभातपट्टन, आमला और नगरपालिका परिषद मुलताई, आमला के सीमा क्षेत्र में निवासरत 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बीपीएल कार्ड धारक वृद्धजन शामिल हो सकते हैं। मसराम ने पात्र बुजुर्गों से आधार की कार्ड छायाप्रति, समग्र आईडी की छायाप्रति, बीपीएल कार्ड अथवा 22 हजार 500 रुपए से कम मासिक आय का प्रमाण पत्र की छायाप्रति और 2 पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ्स लेकर आने की अपील की है।

## पवित्र नगरी से निकली दिव्य ज्योति कलश यात्रा

**बैतूल/ जागरण ।**
पवित्र नगरी में ताप्ती तट स्थित गायत्री शक्ति पीठ से रविवार की सुबह माता भगवती देवी शर्मा ,एवं अखंड दीप की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के पावन अवसर पर दिव्य ज्योति कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें उप जोन समन्वयक दिनेश देशमुख ,जिला समन्वयक डॉ कैलाश वर्मा सहित उप जोन समन्वय समिति के सदस्य,जिला समन्वय समिति के सदस्यों सहित तहसील के विभिन्न ग्रामों से सैकड़ों भाई बहनों सहित नगर की समाज सेवी संस्थाओं,के सदस्यों ने दिव्य ज्योति कलश यात्रा में भाग लिया। दिव्य ज्योति कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए ग्राम सोनोरा के लिए रवाना हुई,ईद दौरान यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया एवं नगर के श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति कलश के दर्शन कर पूजन किया। वहीं नागरिको ने नगर के प्रत्येक चौक चौराहों पर बड़े ही श्रद्धा से जलपान,फलाहार की व्यवस्था कर स्वागत द्वार लगाकर नगर का पूरा वातावरण धर्ममय बना दिया। यात्रा के दौरान एक बनेंगे नेक बनेंगे,हम सुधरेंगे युग सुधरेंगे के नारो से नगर गूंज उठा।नगर के बिरुल नाका चौराहे पर यात्रा का समापन किया गया। ज्योति कलश रथ तहसील के विभिन्न ग्रामों में आगामी 30तारीख तक भ्रमण करते हुए पूज्य गुरुदेव,वंदनीय माता जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने एवं अखंड दीप की दिव्य ज्योति को प्रचंड बनाने जन जन को जागृत करने का कार्य करेगी।

# कैबिनेट मंत्री सिंह एवं राज्यसभा सांसद तन्खा ने किया डायलेसिस मशीन का लोकार्पण



**जागरण गाडरवारा।** शासकीय चिकित्सालय प्रांगण में रोटरी क्लब व सिविल अस्पताल द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह अतिथियों की गरिमामय उपस्तिथि संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह व राज्य सभा सांसद् विवेक तन्खा की अध्यक्षता पूर्व विधायक नरेश पाठकए श्रीमति साधना स्थापक चिरायु अस्पताल भोपाल के डायरेक्टर अजय गोयंका पूर्व आयुक्त निशक्तजन बलदीप सिंह सैनी समाज सेवी मैथलीशरण तिवारी रोटरी कलब पूर्व अति गर्वनर मिनेन्द्र डागा रोटरी असिस्टेंड गर्वनर अशोक राजपूत मयंक साहू के विशिष्ट आतिथ्य में डायलेसिस मशीन ब्लड बैंक स्टोरेज फ्रिज अस्पताल परिसर टीन सेड वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों ने श्री गणेश भगवान की मूर्ति के समक्ष पूजन व द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तदपश्चात मंचासीन अतिथियो का रोटरी क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता सचिव मनोज वशा स्वास्थ्य समिति चेयरमैन महेश रघुवंशी मनीष राय मनीष जायसवाल उत्सव गुप्ता प्रयांक सोनी नीलेश साहू अभिषेक बड़कुर शुभम राजपूत सुरेश साहू रमाकांत गुप्ता साकेत बड़ारिया ने साल श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया ।कार्यक्रम के मुख्यातिथि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब को में बधाई देता हूं रोटरी के सभी लोग निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में लगे रहते है में जन सेवक के नाते पूरी जिम्मेदारी के साथ विकास कार्यो को प्राथमिकता दे रहा हूं क्षेत्र की जनता को अस्पताल में बेहतर सुविधा मिले इसके लिए हम सभी प्रयासरत है चिकित्सालय के और भी विकास कार्य कराए जाएंगे । एडवोकेट शुभम कौरव की मांग पर डायलेसिस सेंटर डॉक्टर डी सिंह के नाम से जाना जायेगा। डॉक्टर साहब की स्मृतियां सदैव बनी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा ने अपने संबोधन में कहा कि में नरसिंहपुर जिले को राजनैतिक चश्मे से नही देखता । गाडरवारा क्षेत्र में परिवार की तरह काम करता हूं ताकि लोगो के दिलो में मुशरान साहब की यादे जीवित रहे । मंच पर मेरे साथ खड़े डॉक्टर गोयंका ऐसे महापुरुष है उन्होंने कोविड के समय 35 हजार मरीजो का इलाज कर विश्व रिकार्ड बनाया । जल्द रोटरी क्लब डॉक्टर गोयंका के संचालन में गाडरवारा में मेडिकल मिशन मेगा केम्प लगाने वाला है ।

श्री तंखा ने मिनेन्द्र डागा के सेवा कार्यो की प्रशंसा की । रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू ने चिकित्सा शिक्षा समाजसेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के बारे बताया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब के मिनेन्द्र डागा ने करते हुए शायराना अंदाज में कहा कि गमों की आंच पर आंसू उबाल कर देखो बनेंगे रंग हजार किसी पर डाल कर देखो तुम्हारे दिल की चुभन भी होगी कम किसी के पैर का कांटा निकालकर देखो । क्षेत्र के उद्योग पति समाजसेवी विनीत माहेश्वरी शिक्षक राजेश गुप्ता को तंखा द्वारा रोटरी पिन लगाकर रोटरी की शपथ दिलाई । कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक चिकित्सालय स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही । आभार प्रदर्शन रोटरी सचिव मनोज वशा ने किया ।

## राज्यसभा सांसद तन्खा ने ग्राम पंचायत मेहरागांव में नवाचारों का किया शुभारंभ



**जागरण गाड़रवारा।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तनखा ग्राम मेहरागांव साईंखेड़ा में पंचायत द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल लाइब्रेरी सामुदायिक आरओ प्लांट और सरपंच की पाठशाला जैसे महत्वपूर्ण नवाचारों का अवलोकन कर उनका विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंचायत के इन प्रयासों की जमकर सराहना की।सांसद तनखा ने विशेष रूप से पंचायत द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए नवाचारों में गहरी रुचि दिखाई। डिजिटल लाइब्रेरी और सरपंच की पाठशाला के माध्यम से ग्रामीण शिक्षा को आधुनिक बनाने की पहल को अनुकरणीय बताया। वहीं सामुदायिक आरओ प्लांट का शुभारंभ कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में पंचायत के प्रयास की प्रशंसा की।

### व्यायाम शाला के लिए दिये 10 लाख

सांसद विवेक कृष्ण तनखा ने ग्राम पंचायत को एक बड़ी सौगात दी। उन्होंने ग्राम के युवाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए व्यायामशाला के निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से 10 लाख रुपए की राशि तत्काल प्रदान करने की घोषणा की। यह घोषणा ग्रामीण जनों के बीच उत्साह का विषय रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुनीता पटेल लखन सिंह पटेल मोना कौरव जिनेश जैन मनीष राय राकेश श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के ग्रामों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत की सरपंच माया विश्वकर्मा ने आभार प्रकट किया।

# पाली प्राथमिक शाला में शैक्षिक संवाद का आयोजन

**जागरण गाडरवारा ।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड साईंखेडा एवं चीचली के समस्त जन शिक्षा केन्द्रो में कक्षा तीसरी से आठवीं पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इसी क्रम में साईंखेड़ा ब्लॉक के ग्राम पाली की शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा 3 से 5 पढ़ाने वाले शिक्षकों के शैक्षिक संवाद को संबोधित करते हुए विकासखंड स्रोत समन्वयक संदीप स्थापक ने शैक्षिक संवाद के उद्देश्यए डिजाइनए संवाद की उपयोगिता तथा प्राप्त कौशलों का कक्षा कक्ष में उपयोग पर अपने विचार रखे। सहजकर्ता कृष्णकांत गुर्जर द्वारा अकादमिक विषय पर चर्चा विद्यालय और कक्षा कक्ष से जुड़े अनुभव प्रतिभागियों को बातचीत के समान अवसर तथा संवाद के अंत में गुणवत्ता एवं फीडबैक पर चर्चा की। पाली के शैक्षिक संवाद में उपस्थित सभी शिक्षकों को शाला के प्रधानपाठक सिराज अहमद सिद्धिकी एवं ब्रजेश श्रीवास द्वारा डायरी पैन प्रदान कर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। संवाद में राजकुमार अहिरवार पायल चोबे सहित अन्य उपस्थित रहे शनिवार को चीचली ब्लॉक के चीचली सूखाखैरी बारहबड़ा सालीचौका शाहपुर करपगांव तेंदूखेड़ा छोटा कठोतिया एवं साईंखेड़ा ब्लॉक के कन्या नवीन आदर्श स्कूल गाडरवारा बम्होंरी कला पलोहाबड़ा साईंखेड़ाए बनवारी के जनशिक्षा केन्द्रो पर भी शैक्षिक संवाद आयोजित किये गये।

# कौड़िया रोड लूट व स्नेचिंग के आरोपी पकड़ाए पुलिस ने घेराबंदी कर लुटेरों को किया गिरफ्तार



**जागरण गाड़रवारा।** विगत दिवस प्रार्थिया पार्वती बाई पटैल निवासी अवासनगर जिला देवास ने दिनांक 20.09.2025 की रात हनुमान मढ़िया के पास कौड़िया रोड पर अज्ञात मोटरसाईकल चालक द्वारा उसके द्वारा पहना हुआ सोने का झाला लूट कर ले जाने की रिपोर्ट थाना गाडरवारा में दर्ज कराई। इसी प्रकार प्रार्थी अजय सेलोपाल निवासी गोटेगाँव जिला नरसिंहपुर ने दिनांक 21.09.2025 की रात दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाईकल पर लिफ्ट देकर डमरू घाटी तरफसूनसान रोड पर रेड.मी मोबाईल फोन छीनकर ले जाने की रिपोर्ट थाना गाडरवारा में दर्ज कराई गई । प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए कौड़िया रोड पर हुई लूट एवं स्नैचिंग के आरोपीगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षकए डॉण् ऋषिकेश मीना के निर्देश पर गठित की गयी थी विशेष टीम । मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर शातिर लुटेरे मनीष पिता जगदीश धानक निवासी ग्राम बोदरी जितेन्द्र पिता मनीष कहार निवासी ग्राम बोदरी पकड़े गय आरोपी मनीष धानक से दिनांक 20.09.2025 की रात कौड़िया रोड से लूटे गया सोने का झाला कीमती करीबन 25000 रू घटना के समय पहनी हुई गुलाबी रंग की टी.शर्ट आरोपी जितेन्द्र कहार से दिनांक 21.09.2025 की रात छीना गया रेड.मी कंपनी का मोबाईल फोनए एवं घटना में प्रयुक्त प्लेटीना मोटरसाईकल एमपी 49एम जे 7684 जप्त की गई।. आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**पुलिस टीम ने सराहनीय कार्य किया :** उक्त आरोपीगण की पतारसी एवं मशरूका बरामदगी में अतिण् पुलिस अधीक्षक संदीप भूरियाए अनुण् अधिकारी पुलिस, गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजकए उप निरीक्षक अमित गोटियाए सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत परमानंद शिवकुमार आरक्षक रूपेन्द्र चौबे बालकृष्ण रघुवंशी सुजीत बागरी ऐश्वर्य वेंकट शिवम पटैल दीपक राजपूत महेन्द्र बावरिया रामसिंह की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा उक्त सराहनीय कार्यवाही हेतु पुलिस टीम की प्रशंसा की गयी है।

## न्यूज कार्नर

### चौहान बने समिति के नगर सचिव



**जागरण, इटारसी।** नगर में अखंड राजपूताना सेवा समिति के द्वारा नगर सचिव के पद पर देवदित्य सिंह चौहान की नियुक्ति की गई। श्री चौहान की नियुक्ति पर उन्होंने समिति के पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है। नवनियुक्त नगर सचिव चौहान को उनके इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### मन की बात का प्रसारण देखा

**जागरण, इटारसी।** रविवार को बूथ क्रमांक 190 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 126वें एपिसोड को नगरपलिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर निधि चौरे, प्रिया चौधरी, प्रेमलता पटेल, शशिबाला चौरे, ऋषभ चौहान एवं आशीष मालवीय उपस्थित रहे।

### पाइल्स अवेयरनेस कैंप में 50 की जांच

**जागरण, इटारसी।** शहर में रोटरी क्लब एवं माता मंदिर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल पाइल्स अवेयरनेस कैंप का आयोजन शनिवार को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक माता मंदिर अस्पताल परिसर में लगाया गया। जिसमें 50 लोगों का परीक्षण किया गया। 32 लोगों में पाइल्स की बीमारी के लक्षण दिखे। माता मंदिर अस्पताल संचालक डॉ. अनिल सिंह ने परीक्षण कर समुचित रूप से ट्रीटमेंट दिया। निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष एडव्होकेट दीपक जैन, डॉ. अनमोल सिंह एवं अस्पताल, रितेश शर्मा, देवेंद्र अग्रवाल, रामनाथ चौरे, दीपक अग्रवाल एवं सुनील जैन मौजूद रहे।

### प्रदेश अध्यक्ष का स्टेशन पर स्वागत



**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मोहम्मद माहिर शुक्रवार को भोपाल से जबलपुर अमरकंटक एक्सप्रेस से रवाना होते समय इटारसी पहुंचे। इटारसी स्टेशन पर परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ज़िला अध्यक्ष अथर ख़ान, जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह और नगर अध्यक्ष शेख रमजान के नेतृत्व में उनका पुष्पगुच्छ देकर देकर भव्य स्वागत किया। हाजी मोहम्मद माहिर ने सभी साथियों से मुलाकात की और संगठन के कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज के उत्थान और विकास में परिषद की भूमिका पर विचार साझा किए।

### स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

**जागरण, इटारसी।** पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय सूरजगंज में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण विधायक डॉ सीताशरण शर्मा द्वारा किया गया। कक्ष की लागत 16.30 लाख की स्वीकृति मिली थी। इस दौरान शाला की हॉकी एवं फुटबाल खिलाड़ी को खेल किट का वितरण किया गया। दूरदराज के गांवों की छात्राओं को विधायक द्वारा साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जसबीर सिंघ छाबड़ा, पूर्व प्राचार्य अखिलेश शुक्ल, प्राचार्य सतीश खालखो, रिमी सिंह, महेश मालवीय, श्रीमती सूद, परणीता पटेल, ओपी तिवारी, महेश रेकवार आदि उपस्थित था।

### सीपीई में मना नवदुर्गा महोत्सव

**जागरण, इटारसी।** शारदीय नवरात्रि पर नगर के प्रतिष्ठित रक्षा संस्थान सीपीई के तकनीकी क्षेत्र में भी परिवहन, गोला बारूद विभाग सहित विभिन्न विभागों में अपने तकनीकि कार्यों में शक्ति, सुरक्षा, सफलता प्राप्त करने के लिए दुर्गा पूजन महोत्सव मनाया जाता है। पं. आचार्य मनमोहन द्वारा वैदिक मंत्रों, विधि विधान से मातारानी की स्तुति कर पूजन हवन कराया गया। इस दौरान प्रमुख यजमान विभागीय अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल हिमकर वैद एवं प्रभारी अधिकारी डीके वर्मा, ओमप्रकाश ग्यारसे सहित सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खाद संकट से जूझ रहे किसान, तीन गुना कीमत पर डीएपी व यूरिया लेने को मजबूर

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले में किसानों के लिए खाद का संकट गहराता जा रहा है। विशेष रूप से डीएपी की कमी से किसान बेहद परेशान हैं, क्योंकि उन्हें अपनी गेहूं की बोवनी के लिए तुरंत खाद की जरूरत है। सरकारी वितरण केंद्रों पर स्थिति यह है कि टोकन मिलने के बाद भी खाद कब मिलेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

कृषि उपज मंडी में किसानों से बात करने पर उनकी पीड़ा खुलकर सामने आई। किसान तुलसीराम ने बताया कि बड़ी मुश्किल से टोकन तो मिल गया, लेकिन खाद मिलने में कब तक का समय लगेगा, इसका कोई अंदाजा नहीं है। उन्होंने कहा, सुबह 7 बजे लाइन में लगे, तब जाकर शाम 5 बजे टोकन मिला। यह स्थिति दर्शाती है कि किसान किस कदर मजबूर हैं और घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। किसान नेता अरुण कुमार ने इस मामले में एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा से मुलाकात कर सुझाव दिए। उन्होंने टोकन व्यवस्था बंद करके सीधे सोसायटी के माध्यम से खाद वितरण करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि खुले बाजार में मिलने वाली खाद के साथ जिंक या सल्फर लेने की बाध्यता खत्म होनी चाहिए।

### लाखों रुपए का खेल और सरकारी लापरवाही

इस समय लगभग 4000 टोकन लंबित हैं। मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, हफ्ते में एक बार ही खाद की रैक आती है, जिससे मुश्किल से 100-150 किसानों को ही खाद मिल पाती है। इस गति से बचे हुए किसानों को खाद मिलने में दो महीने से भी ज्यादा का समय लग सकता है, जब तक कि उनकी बोवनी का समय निकल चुका होगा। इस मजबूरी का फायदा उठाकर बाजार में खाद-बीज की दुकानें तीन गुनी कीमत पर डीएपी और यूरिया बेच रही हैं। किसान को मजबूरी में खुले बाजार से महंगे दाम पर खाद खरीदनी पड़ रही है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है।

### अफसरों की चुप्पी और किसानों की बेबसी

जिला अधिकारी का कहना है कि खाद की रैक देरी से आ रही है, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। हालांकि, अधिकारी स्तर पर इस गंभीर समस्या को सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम उठाते हुए नहीं देखा गया है। लगभग 4 हजार टोकन अभी भी लंबित हैं, और इस अनिश्चितता के चलते किसानों की फसल बर्बाद होना तय है। पूरे मामले में किसानों की बेबसी और सरकारी उदासीनता साफ नजर आ रही है।

## व्यापार महासंगठन की बैठक में दीपावली समारोह और व्यापारी समस्याओं पर मंथन



**जागरण, इटारसी।** इटारसी व्यापार महासंगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज सिंधु भवन सिंधी धर्मशाला में आयोजित की गई। इस दौरान महासंगठन संयोजक एवं पार्षद धर्मदास मिहानी, सुधीर गोठी, अध्यक्ष मुकेश जैन, युवा शाखा अध्यक्ष अर्जुन भोला की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें आगामी दीपावली त्योहार से संबंधित व्यवस्थाओं और व्यापारियों को आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि दीवाली मिलन समारोह 9 नवंबर को मनाया जाएगा। भारत वर्ष का सबसे बड़ा त्योहार आने वाला है और आए दिन बिजली कटौती की जा रहे है जिससे व्यपारियो को बहुत सी समस्या का सामना करना पड़ रहा है इसे लेकर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। नगर पालिका द्वारा किराया की जो वृद्धि की गई है उसको लेकर विधायक से चर्चा की जाएगी। दीपावली तक ट्रैफिक पुलिस द्वारा जो वाहनों की चेकिंग की जा रही है उस पर रोक की मांग की जाएगी। इन सब मुद्दों को लेकर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर युवा शाखा सचिव संदेश अग्रवाल, समीर खानख वुरेंद्र जैन, शब्बीर भाईजान, मोहन मोरवानी, मोहनलाल चेलानी, सोनू परयानी, ओम सोनी, गौरव फूलवानी, लक्ष्मण खुरानी, मनीष वसानी, मप्पन लालवानी सहित इटारसी व्यापार महासंगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### भगत सिंह के विचारों और बलिदान को किया याद

**जागरण, इटारसी।** नगर में सामाजिक संस्था संडे सोशल फाऊंडेशन द्वारा आजाद चौराहा पुरानी इटारसी में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद ए आजम भगत सिंह का जन्मदिवस रविवार को 10 बजे बड़े श्रद्धा, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में बनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके उपरांत उनके विचारों व बलिदान को याद किया गया। समाजसेवी उमाशंकर चौधरी व राजकुमार मालवीय ने कहा भगत सिंह का जीवन आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष रामसेवक जोठे ने कहा कि शहीद भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं, बल्कि विचारों की क्रांति के प्रतीक थे। भगत सिंह के जन्म दिवस पर संडे सोशल फाऊंडेशन एक सामाजिक संस्था के उदय का भी दिन है। जिसका मुख्य उद्देश्य बेरोजगार, गरीब व वंचित वर्ग को नाममात्र सुविधा शुल्क पर गुणवत्ता पूर्ण तकनीकी शिक्षा का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष राम सेवक जोठे, गोठव लोट, आशीष मालवी, सेवक दास, नितिन कटारे, आकाश बामने, भगवान दास बामने आदि मौजूद थे।

### जनप्रतिनिधि एवं योग प्रशिक्षक का किया सम्मान

**जागरण, इटारसी।** भारत स्वाभिमान न्यास जिला नर्मदापुरम् एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में ईश्वर रेस्टॉरेंट में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन शारदीय नवरात्रि एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के पावन अवसर पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह तथा योग प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने की। वहीं सांसद दर्शन सिंह चौधरी, संस्था के राज्य प्रभारी करण सिंह पवार, पंकज चौरे और रीतेश कुमार जैन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों ने राष्ट्रीय धरोहर, संस्कार, संस्कृति तथा योग के महत्व पर बल दिया। जिला प्रभारी मोहन गौर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और युवाओं को देशहित में योगदान देने का संदेश दिया।

### मुस्कान संस्था में स्व. शर्मा की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## 400 की जांची सेहत, दवाइयों का किया वितरण

**जागरण, इटारसी।** आज कैरियर हॉस्पिटल भोपाल द्वारा मुस्कान संस्था के सहयोग से स्व. मनीष शंकर शर्मा की स्मृति में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने स्व. शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव कृपा शंकर शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक पं. गिरजा शंकर शर्मा, कैरियर कॉलेज भोपाल के डायरेक्टर मनीष राजोरिया तथा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. विजय कुमार गुप्ता, डॉ. अनुपम मालवीय, डॉ. अनिकेत चौहान, डॉ. प्रभुल्ला परमार्थ, डॉ. निलेश बन्सोड़ एवं डॉ. सरिता अग्रवाल ने मरीजों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। बड़ी संख्या में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि शिविर में लगभग 400 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले अरुण शर्मा एवं वैभव शर्मा का आभार स्मृति चिन्ह भेंट कर व्यक्त किया गया। कैरियर कॉलेज भोपाल के डायरेक्टर मनीष राजोरिया ने कहा कि अब हम इटारसी शहर में लगातार ऐसे आयोजन कर पीड़ित मानवता की सेवा करेंगे। शिविर में रिंकू जैन, ज्योति चौरे, राहुल चौरे, समाजसेवी मधु शुक्ला, सुधीर गोठी, जगदीश मालवीय, टीटू सलूजा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## प्राचीन इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर जहां आस्था इतिहास और नवरात्र की जीवंत परंपरा जारी

**जागरण, इटारसी।** पुरानी इटारसी वार्ड क्रमांक 1 में स्थित प्राचीन इच्छापूर्ति श्रीहनुमान मंदिर न केवल भक्तों की मनोकामनाओं का केंद्र है, बल्कि यह स्थानीय समुदाय की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। लगभग 60 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश भूमि विकास निगम द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना प्रतिवर्ष की जाती थी, जब से हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के दौरान यहां विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जाता है।

पुरानी इटारसी के वार्ड क्रमांक एक के पार्षद दिलीप गोस्वामी ने बताया कि इच्छापूर्ति श्रीहनुमान मंदिर की मान्यता



है कि इस मंदिर में भक्तों द्वारा की गई मनोकामना की प्रार्थना खाली नहीं जाती है। चाहे वह पारिवारिक सुख हो या जीवन की कोई बाधा। यहां करीब 35 वर्ष पहले वार्ड के निवासियों ने श्रीदुर्गा माता की प्रतिमा की स्थापना की एक नई परंपरा की शुरुआत की, जो आज तक निरंतर चल रही है। साल के बारह महीने यहां प्रतिदिन सुबह शाम आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस वर्ष भी नवरात्रि पर इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर वार्डवासी एक-दूसरे को प्रसाद वितरित करते हैं, जो समुदाय की भाईचारे की मिसाल है। नवरात्रि के चलते पूरा मंदिर परिसर सहित आसपास का क्षेत्र माता के जयकारों से गूंजता रहता है।

### सीपीई में हिंदी पखवाड़ा संपन्न विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

**जागरण, इटारसी।** नगर के रक्षा संस्थान सीपीई में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन प्रशासनिक क्षेत्र के कम्युनिटी हॉल में कमांडेंट मेजर जनरल आर एस सलारिया ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

केंद्रीय कार्यालयों में राष्ट्रभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने कर्मचारियों को हिन्दी में अधिक से अधिक कामकाज करने को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिवर्ष हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं प्रशासनिक क्षेत्र और तकनीकी क्षेत्र में संपन्न हुई। विजेता प्रतिभागियों को कमांडेंट मेजर जनरल आरएस सलारिया ने नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय छिकारा, कर्नल जितेन्द्र कृष्णैया, कर्नल एडम कर्नल जकारिया, सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सैन्य जवान और सिविलियन कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आज से दो दिवसीय रासलीला का मंचन

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में चल रहे दशहरा महोत्सव के तहत, श्रीद्वारिकाधीश मंदिर में आज, 29 सितंबर से दो दिवसीय रासलीला महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू हो रहा है। यह महोत्सव 30 सितंबर तक चलेगा।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इस दौरान वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला मंडली श्रीबालकृष्ण लीला संस्थान के कलाकार, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को मंच पर जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। रासलीला महोत्सव के पहले दिन 29 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनमोहक मंचन किया जाएगा। इस दौरान माता यशोदा और श्रीकृष्ण के मध्य मधुर संबंधों के बीच के अलौकिक प्रेम और वात्सल्य के दृश्यों को दर्शाया जाएगा। वहीं नटखट कन्हैया द्वारा गोपियों के घरों से माखन चुराने और उनकी शरारतों एवं ऊखल बंधन और मनुहार को दिखाया जाएगा।

### रामलीला | कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से किया मंत्रमुग्ध

## हृदयस्पर्शी और मार्मिक मंचन से दर्शक हुए भावुक

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम लीला एवं दशहरा महोत्सव के अंतर्गत आज इटारसी के विभिन्न मंचों पर रामलीला के मार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। आज श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ पार्षद गीतांजलि चौधरी और उनके पति मनीष चौधरी ने भगवान का पूजन-अर्चन करके किया।

श्रीद्वारिकाधीश मंदिर में आयोजित रामलीला में श्रीबालकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज यहां लक्ष्मण-निषाद संवाद, श्रीराम-केवट संवाद, दशरथ मरण, और भरत मिलाप जैसे हृदयस्पर्शी प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों ने हर प्रसंग में जान फूंक दी, विशेषकर केवट संवाद और दशरथ मरण के दृश्य बेहद मार्मिक रहे। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि रामलीला



महोत्सव के अंतर्गत बड़ी संख्या में दर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों को देखने पहुंच रहे हैं।

वहीं, पुरानी इटारसी के वीर सावरकर मैदान में आयोजित रामलीला में जगदंबा मंडल सतना के कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया। मंच पर दशरथ की श्रीराम को राजा बनाने की प्रतिज्ञा, अयोध्या में राज्याभिषेक की तैयारी, कैकई-मंथरा संवाद जैसे प्रसंगों को दर्शाया गया। मंचन में श्रीराम वनगमन की तैयारी, श्रीराम-कौशल्या संवाद, और श्री लक्ष्मण सुमित्रा संवाद के दृश्य दिखाए गए, जहां वन जाने से पूर्व श्रीराम अपनी माताओं से विदा लेते हैं।

## इटारसीः प्यारा सजा है तेरा धाम भवानी



श्रीदुर्गा सेवा समिति सिंधी कालोनी द्वारा सूरजगंज मार्ग पर 9वें वर्ष में स्थापित सिंधी कालोनी की महारानी की आकर्षक झांकी।



मां भवानी सेवा समिति ग्राम सोनासांवरी द्वारा 15वें वर्ष में मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई।



श्री दुर्गा समिति ग्राम सोनासांवरी द्वारा शासकीय स्कूल के पास आठवें वर्ष में विराजित भगवान शंकर एवं माता पार्वती की प्रतिमा।



इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर समिति वार्ड नंबर एक में 60वें वर्ष में स्थापित की गई जगत जननी मां भगवती की आकर्षक प्रतिमा।



जूनियर इंस्टीट्यूट दुर्गा समिति नया यार्ड में 52वें वर्ष में विराजित मां दुर्गा की मनमोहक आकर्षक प्रतिमा।



राधा कृष्ण मंदिर दुर्गा समिति नया यार्ड द्वारा 52वें वर्ष में सिंह पर सवार मां शेरावली की आकर्षक प्रतिमा।



नव बालक साईं समिति इंदिरा नगर नया यार्ड द्वारा 19वें वर्ष में स्थापित शिर्डी के साईं बाबा की मनमोहक प्रतिमा।

## आर्चरी खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 12 सिल्वर और 5 कांस्य पदक जीते, सांसद ने दिए डेढ़ लाख

**जागरण, इटारसी।** आर्चरी नोडल खेल विद्यालय की 69वीं राज्य स्तरीय आर्चरी एवं फील्ड आर्चरी प्रतियोगिता 22 सितंबर से 26 सितंबर तक सुजालपुर में आयोजित हुई। जिसमें नर्मदा पुरम संभाग के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 12 सिल्वर एवं 5 कांस्य पदक जीतकर अपने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। पदक प्राप्त करने वाली सभी खिलाड़ी आर्चरी नोडल खेल विद्यालय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी की है। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने खिलाड़ियों की लगन एवं खेल के प्रति जुनून को देखकर आर्चरी खेल सामग्री के लिए डेढ़ लाख रुपए राशि स्वीकृत की है।

इस संबंध में नर्मदापुरम संभाग के जनरल मैनेजर अश्वनी मालवीय ने बताया कि पहले दिन 40 मीटर की दूरी पर प्रेरणा मालवीय ने सिल्वर मेडल जीत कर प्रतियोगिता में जीत की शुरुआत की। दूसरे दिन 30 मीटर की दूरी पर तीर चला कर आंसू जायसवाल ने मध्य प्रदेश के स्वर्ण पदक एवं प्रेरणा ने कांस्य पदक जीत कर मध्य प्रदेश का श्रेष्ठ खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त किया। इंडियन राउंड की ओवरऑल खिलाड़ियों में आंसू ने स्वर्ण पदक एवं प्रेरणा ने कांस्य पदक जीते।

मध्यप्रदेश इंडियन राउंड टीम का स्वर्ण पदक निकिता, देवीका, आशु, प्रेरणा ने मध्यप्रदेश में सर्वाधिक अंक प्रतिकार जीत लिया। कंपाउंड राउंड का टीम सिल्वर मेडल विजेता रिया, राधिका, गोरी गीतांजलि रही। उल्लेखनीय है कि ओवरऑल के बेस्ट ऑफ फोर खिलाड़ी स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित स्कूल नेशनल नेशनल गेम्स मणिपुर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर खिलाड़ियों के विजय होने पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, प्राचार्य सपना गिरधारी सहित शासकीय एवं अशासकीय खेल शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है।